# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक: रू0वि0/प0नि0का0/2026/1139-47 दिनांक 14.07.2026

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालयों में चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) अध्योदश को समान रूप से लागू किये जाने के संबंध श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0 ई-7443/03-जी0एस0/2019 (TC) दिनांक 26.11.2020 में दिये गये दिशा-निर्देश के कम में नई शिक्षा नीति-2020 से आच्छादित स्नातक स्तर पर (बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0, बी0बी0ए0, बी0एस0सी0 (गृहविज्ञान)) अन्तिम सेमेस्टर 2026 की मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिका/पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्रों को चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में दी गयी व्यवस्थानुसार आवेदन पत्र निम्न विवरणानुसार उपलब्ध होंगे-

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि** | : | **14.07.2026** |
| **आवेदन ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि** | : | **16.07.2026** |

इच्छुक छात्र/छात्राए चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) हेतु आवेदन शुल्क रू0 2500/- प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाईन जमा करना होगा।

**चुनौती मूल्यांकन की प्रकिया-**

1. प्रत्येक प्रश्नपत्र के चुनौती मूल्यांकन हेतु कम से कम 04 (चार) विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों की एक सूची संबंधित विभागाध्यक्ष के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक द्वारा कुलपति महोदय को प्रस्तुत की जायेगा।
2. चुनौती मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उपर्युक्त सूची में से नामित किन्हीं दो विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों द्वारा करवाया जायेगा।
3. विषय विशेषज्ञ/परीक्षक को नामित करने का कार्य मा0 कुलपति जी अथवा सक्षम स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा।
4. चुनौती मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिका को विषय विशेषज्ञ/परीक्षक के सम्मुख उपस्थित करने से पहले मूल परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक/अंको का विवरण छिपा दिया जायेगा।
5. संबंधित उत्तर पुस्तिका की दो छाया प्रतियॉं तैयार करायी जाऐगी और उन्हें नामित विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों के सम्मुख मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

**चुनौती मूल्यांकन के प्राप्तांक के संबंध में -**

1. दोनों विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जायेगा।
2. यह औसत परीक्षार्थी को अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देय होगा, चाहे वह मूल प्राप्तांकों से कम हो अथवा अधिक।
3. चुनौती मूल्यांकन से प्राप्त औसत और मूल प्राप्तांकों में 20% या उससे अधिक का अन्तर होता है तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए शुल्क रू0 2500/- में से रू0 1000/- की धनराशि काटकर शेष परीक्षार्थी को वापस कर दी जायेगा।

14.7.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
2. वित्त अधिकारी
3. उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
4. मीडिया प्रभारी
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट/केन्द्रीय कम्प्यूटर
8. संबंधित प्रभारी, ऑनलाईन परीक्षाफार्म को इस आशय से प्रेषित कि चुनौती मूल्यांकन का ऑनलाईन आवेदन भरवाया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक